सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5956	03.09.2020	03.09.2020	Delhi	Navbharat Times Hindi Newspaper 03rd September, 2020/Page No. 03
Title:	**Youth infected with Coronavirus and Dengue, first case found in Delhi**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to SSU- Delhi			

देश की राजधानी दिल्ली (Delhi) में कोविड-19 (Covid-19) और डेंगू (Dengue) का अटैक एकसाथ देखने को मिल रहा है। दिल्ली में एक ऐसा मरीज सामने आया है, जो कोविड और डेंगू, दोनों से संक्रमित पाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि दोनों वायरस का कॉकटेल काफी खतरनाक हो सकता है। इससे ब्लड से जुड़ी बीमारी का बहुत ज्यादा खतरा है, इसलिए इस मौसम में फीवर से पीड़ित मरीज को कोविड के साथ-साथ डेंगू की भी जांच कराना जरूरी है, ताकि समय पर सही इलाज किया जा सके। वहीं सूत्रों की मानें तो ऐसा ही एक मरीज एम्स में भी एडमिट है।

मूलचंद अस्तपाल में कोविड और डेंगू से पीड़ित एक मरीज की पुष्टि हुई है। अस्पताल के इंटरनल मेडिसिन के डॉक्टर श्रीकांत शर्मा ने बताया कि 20 साल के एक युवक को सात-आठ दिन से फीवर था। गले में खरास, कमजोरी और भूख नहीं लगने की शिकायत के साथ वह इलाज के लिए आया था। उसकी कोविड जांच की गई, जो पॉजिटिव आई, लेकिन उसमें बहुत ज्यादा लक्षण नहीं थे। कुछ दिन बाद उसके प्लेटलेट्स कम होने लगे। बॉडी पर रैश आने लगे। हमने उसकी डेंगू की एंटीबॉडी जांच कराई, तो वह पॉजिटिव पाया गया। कई दिनों के इलाज के बाद उसकी स्थिति में सुधार हुआ और अब वह पहले से ठीक है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

एक साथ बॉडी में दो वायरस का एक्टिव होना ज्यादा खतरनाक: डॉक्टर

श्रीकांत शर्मा ने कहा कि उसकी बीमारी समय पर पकड़ ली गई। इससे उसे ज्यादा परेशानी नहीं हुई। डॉक्टर का कहना है कि यह खतरनाक भी हो सकता है कि एक साथ बॉडी में दो वायरस एक्टिव हो जाते हैं और दोनों अलग अलग अटैक करते हैं। डेंगू की वजह से ब्लड में प्लेटलेट्स कम होने लगती हैं, जबकि कोविड ब्लड में थक्का बनने की क्षमता को प्रभावित कर देता है। इससे ब्लड संबंधित बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। इससे यह भी खतरा है कि कहीं पर बॉडी के अंदर ब्लड फ्लो के दौरान थक्का ना बन जाए।

'यह समय दिल्ली में डेंगू का भी है, बुखार आए तो कराएं दोनों की जांच'

डॉक्टर ने कहा कि यह समय दिल्ली में डेंगू का भी है, इसलिए अब फीवर वाले मरीज में दोनों वायरस की जांच करना जरूरी है, क्योंकि दोनों वायरस का तय इलाज नहीं है और न ही वैक्सीन है। डॉक्टर का कहना है कि अभी ऐसा एक ही मामला आया है, इसलिए चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्क रहना जरूरी है।

हाइलाइट्स:

- दिल्ली के मूलचंद अस्तपाल में कोविड और डेंगू से पीड़ित एक मरीज की पुष्टि।
- एक साथ बॉडी में दो वायरस का एक्टिव होना ज्यादा खतरनाक: डॉक्टर।
- यह समय दिल्ली में डेंगू का भी है, बुखार आए तो कोरोना के साथ डेंगू की भी जांच कराएं:डॉक्टर।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर